## एक नजर में

### ग्राम कडूरा के ग्राम वासियों द्वारा किया गया विधायक का सम्मान

**इंदरगढ़, 1 अप्रैल।** प्रीत बाबा के मंदिर ग्राम कडूरा तहसील इंदरगढ पर ग्राम वासियों द्वारा विधायक प्रदीप अग्रवाल का सम्मान किया गया, इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल के साथ पुरुषोत्तम पोद्दार, सुजान सिंह रावत, राकेश मुद्गल, अमरीश गुप्ता, अमज़द खान, रामबरण सिंह रावत, जितेन्द्र सिंह रावत ,लाल जी गुप्ता आदि उपस्थित रहे ।सर्वप्रथम विधायक श्री अग्रवाल ने परीत बाबा एवं हीरामन बाबा को पुष्प चढ़ा कर नतमस्तक हो दर्शन किये , तदुपरांत ?प्रधान सिंह भगत जी , एवं उपस्थित ग्राम वासियों ने विधायक ?एवं? अतिथियों का माल्यार्पण कर, एवं शॉल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया ।इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल ने ग्राम वासियों के साथ जन संवाद करते हुये ग्राम की समस्याओं की जानकारी ?ली ।सम्मान समारोह के उपरांत यहाँ आयोजित सहभोज में विधायक ? श्री अग्रवाल ने उपस्थित जनों के साथ भोजन ग्रहण किया ।इस अवसर पर कार्यक्रम में ग्रामवासी प्रधान सिंह भगत जी, कंचन सिंह राजवत, मंदिर के पुजारी जी के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

### महाविद्यालय में एमए, बीएससी की कक्षाएं बढ़ेंगी

**इंदरगढ़।** शासकीय महाविद्यालय इंदरगढ़ में जन भागीदारी समिति का अध्यक्ष सुजान सिंह रावत को बनाए जाने पर उनके स्वागत सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रदीप अग्रवाल, एवं विशिष्ट तिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश दातरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष राम लखन सिंह गुर्जर, अनूप दातरे, एसडीएम शिमला अशोक अवस्थी उपस्थित रहे अध्यक्षता शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर निलय गोस्वामी के द्वारा की गई कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर निलय गोस्वामी के द्वारा विधायक अग्रवाल, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सुजान रावत, राजेश दातरे, राम लखन सिंह गुर्जर, अखिलेश मुद्गगल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सुजान सिह रावत ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम कहां है कि इस महाविद्यालय में एम ए बीएससी की कक्षाओं की आवश्यकता है इस पर विधायक अग्रवाल ने कहा है कि महाविद्यालय में कोर्स बढ़ाये जाएं इसके लिए उन्होंने शासन शिक्षा विभाग को पत्र भेजा है कार्यक्रम में सुशील सिहारे, कालीचरण दुबे, मुकेश शर्मा, अमजद खान, हरनारायण सेन, विक्रम यादव, प्रतिपाल सिंह यादव, सरपंच, लोकेंद्र यादव, संतोष खटीक, पवन पाठक, रामगोपाल श्रीवास्तव, संजीव कमरिया, जोगेंद्र सिंह जाट, रविंद्र परिहार, एवं महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा अंत में आभार महाविद्यालय के प्राचार्य निलय गोस्वामी के द्वारा व्यक्त किया गया ।




### दतिया कलेक्टर को सम्मानित किया करोसिया ने

**दतिया।** मप्र भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरुमुख करोसिया ने आज बुधवार की शाम दतिया प्रवास के दौरान कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े से सौजन्य भेंट कर दतिया में अनुसूचित जाति वर्ग के कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण एवं दतिया के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कलेक्टर को आश्वस्त किया कि दतिया के विकास के लिए वे अपनी टीम के साथ हरसंभव सहयोग करेंगे। उन्होंने दतिया कलेक्टर की कार्यशैली की सराहना कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर करण राज खरे ग्वालियर जिला संयोजक, शिवम चौहान, युवा नेता किशन परिहार, कमलेश पवार, अनिकेत टॉक, अनिल कुशवाहा मौजूद थे।

### पूर्व सरपंचों के विरुद्ध की गई धारा 92 के तहत कार्यवाही

**दतिया>** प्रभारी अधिकारी धारा 40 एवं 92 जिला पंचायत दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद पंचायत दतिया की ग्राम पंचायत पठारी में बाउण्ड्रीवाल निर्माण की आहरित राशि रूपये 140000/- में से 89900/- का कार्य कराये जाने एवं शेष राशि रूपये 50100/- में से रामस्वरूप अहिरवार पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत पठारी द्वारा अपने हिस्से की राशि रूपये 25050/- जमा न कराये जाने से दिनांक 31.03.2026 को रामस्वरूप अहिरवार पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत पठारी के विरूद्ध जेल वारंट जारी किया गया एवं तहसीलदार दतिया को वसूली योग्य राशि भू राजस्व संहिता की भांति वसूल किये जाने हेतु लेख किया गया है। जनपद पंचायत दतिया की ग्राम पंचायत नौनेर में आंगनवाड़ी भवन निर्माण की आहरित राशि रूपये 212000/- में से 146691/- का ही कार्य कराये जाने से एवं शेष राशि रूपये 65309/- में से श्रीमती विनोद राजे पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत नौनेर द्वारा अपने हिस्से की वसूली योग्य राशि रूपये 32655/- में से मात्र 16000/- रूपये ही जमा कराये गये हैं एवं शेष राशि रूपये 16655/- जमा न किये जाने से दिनांक 31.03.2026 को वसूली योग्य राशि भूराजस्व संहिता की भांति जमा कराये जाने हेतु तहसीलदार दतिया को लेख किया गया है। उक्त दोनों प्रकरणों में दिनांक 02.12.2025 को अंतिम आदेश पारित करते हुये एक माह में राशि जमा किये जाने के निर्देश दिये जाने के उपरान्त भी पूर्व सरपंचों द्वारा राशि जमा न किये जाने पर उपरोक्तानुसार कार्यवाही की गई है।

### शिक्षकों ने लिया संकल्प टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता का करेंगे विरोध

दतिया ब्यूरो। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक संघ के जिलाध्यक्ष साबर सिंह दांगी के नेतृत्व में पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पार्क में सम्पन्न हुई। बैठक में सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षकों पर 25 से 30 वर्ष बाद अचानक थोपी गई टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता का मुद्दा छाया रहा। जिलाध्यक्ष दांगी ने सभी पदाधिकारियोंध्शिक्षकों के समक्ष संयुक्त मोर्चा गठन की रणनीति एवं 8 अप्रैल को जिला मुख्यालय पर और 18 अप्रैल को राजधानी भोपाल में होने वाले विराट आन्दोलन पर विचार करने को कहा।

# पार्षद कल्लू कुशवाहा हत्याकांड का खुलासा

**कोतवाली पुलिस ने 12 घंटे में 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार, हथियार और वाहन जब्त**

नवभारत न्यूज
**दतिया, 1 अप्रैल।** थाना कोतवाली पुलिस ने वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद कल्लू कुशवाहा की सनसनीखेज हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीओपी आकांक्षा जैन के मार्गदर्शन में महज 12 घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथियार और वाहन भी जब्त कर लिए हैं।

घटना का विवरण देते हुए टीआई धीरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 31 मार्च 2026 को सुबह लगभग 8रू30 बजे, सेवढ़ा चुंगी स्थित निदान का कुआं निवासी कल्लू कुशवाहा को आरोपियों छोटू उर्फ पंकज कुशवाहा, सुधीर कुशवाहा, गोलू उर्फ दीपक कुशवाहा, उमेश कुशवाहा, प्रवीण वाल्मीकि और साहब सिंह यादव ने पुरानी रंजिश के चलते घेर लिया। आरोपियों ने कट्टे से गोली मार दी, जो उनके सिर और दाहिने कंधे में लगी, जिससे मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने इस मामले में अपराध क्रमांक 139/26 के तहत धारा 103(1), 296(बी), 191(2), 191(3), 190 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिरों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आधी रात में दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी छोटू उर्फ पंकज कुशवाहा (27 वर्ष) सुधीर कुशवाहा गोलू उर्फ दीपक कुशवाहा (26 वर्ष) पूछताछ में आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से एक कट्टा, .315 बोर रायफल, दो जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।



## भाजपा सरकार किसानों के हित में नहीं सोचती : कांग्रेस

**इन्दरगढ, 1 अप्रैल।** सेवढ़ा विधानसभा के तहसील मुख्यालय पर बुधवार को जिला किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत में मुख्यमंत्री के नाम सात सूत्रीय मांगों को लेकर सेवढ़ा एस डी एम अशोक अवस्थी को सौंपा ज्ञापन बही कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से कहा सरकारी गेहूं खरीदी की तारीख बढ़ाने का क्या कारण है गेहूं का 50: हिस्सा काटकर तैयार होने के बावजूद किसानों को सरकारी खरीदी की तारीख का इंतजार करना पड़ रहा है सरकार गेहूं खरीदती है तो किसानों का गेहूं सस्ते दाम पर खरीदा जाएगा जैसा कि धान खरीदी के समय हुआ था यह सरकार किसानों के हित में नहीं सोचती,बल्कि गरीब किसानों के साथ झूठ खेल खेला जा रहा साथ ही गरीब मजदूर किसानों का खून चूसने का काम करती है। मुख्य मांगों में गेहूं का समर्थन मूल्य 4000प्रति क्विंटल करने,ऋण वसूली पर रोक, ओलावृष्टि का मुआवजा और बिजली बिल में राहत शामिल है ।मुख्य बिंदु और माँगें मूल्य वृद्धि गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (डैच) ?4000 प्रति क्विंटल करने की मांग की गई है ।ऋण में राहतरू सहकारी समितियों द्वारा सोसायटी ऋण वसूली की तारीख बढ़ाने (31 मई तक) और ब्याज माफी की मांग की गई है ।मुआवजारू ओलावृष्टि और प्राकृतिक आपदा से खराब हुई फसलों का सर्वे कराकर तत्काल मुआवजा देने की मांग ।खरीदी प्रक्रिया ई-टोकन प्रणाली बंद करने और गेहूं-चना खरीदी केंद्र सुलभ बनाने की मांग। अन्य माँगेंरू डीजल और खाद की सुलभ उपलब्धता तथा शून्य प्रतिशत ब्याज योजना का लाभ सुनिश्चित करना ।किसान कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन तेज किया जाएगा और कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

## थाना जिगना पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज
**दतिया, 1 अप्रैल।** थाना जिगना पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार किया। घटना का संक्षिप्त विवरण थाना प्रभारी रचना माहौर ने बताया कि आरोपी पंकज वंशकार निवासी डांग करैरा द्वारा अपनी पडोसी पीडिता को बडोनी से डाग करैरा गांव छोडने की कहकर वापस लाते समय दिनांक 27ध11ध25 को डांगकरैरा मे फारेस्ट की कोढी के पास जंगल में सुनसान जगह पर जबरदस्ती बलात्कार कर जान से मारने की धमकी दी थी । कुछ समय तक पीडिता डर के कारण रिपोर्ट नहीं की थी लेकिन आरोपी पंकज पुन: परेशान करना चालू कर दिया था। जिससे परेशान होकर पीडिता द्वारा अपने पति के साथ दिनांक 19ध03ध26 को थाना पर उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था जिसकी जांच पर से आरोपी पंकज पुत्र राकेश वंशकार उम्र 28 साल नि.डांग करैरा द्वारा घटना करना सिद्ध पाया जाने से थाना जिगना पर आरोपी के विरुद्ध अप.क्र.58/26 धारा 64(1), 78, 351(3) वीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना आरोपी को गिरफ्तार कर मेडीकल कराया गया है। जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

## आज हनुमान महोत्सव

# सुबह 5 बजे से मंदिरों में रहेगी भीड़



नवभारत न्यूज
**दतिया, 1 अप्रैल।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर अंचल में जगह जगह बडी धूम धाम से मनाया जाऐगा। एक दिन पूर्व से ही नगर राममय लगने लगा। जगह जगह रामचरितमानस के पाठ शुरू हुये परशुराम मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भागवतकथा का आयोजन महंत विरजू महाराज के मार्गदर्शन में कथा चल रही है। मंदिरों में सुबह ठीक 5 बजे शंख झालरों की ध्वनि के साथ गोला बारूद की आवाजें गूंजने लगेंगी।

प्रात: 5 बजे से भक्तों का मंदिरों पर आना शुरू होगा। ठीक 6 बजे धमाकों व बैण्ड बाजों के साथ अंजनी पुत्र हनुमान का जन्म होगा। जिन मन्दिरों पर जन्मोत्सव मनाया जाऐगा उनमें प्रमुख हैं परशुराम मंदिर, रामलला असनई, उडनू की टोरिया, गंजी के हनुमान, एकपट सरकार, धामी की बगिया के, नीम वाले, मार्केटिंग सोसायटी उत्तरमुखी हनुमान जी पोददार की बगिया, ज्योति मंदिर के पास में स्थित हनुमान मंदिर, मंशापूर्व हनुमान जी, वन के हनुमान जी, संकटमोचन मंदिर, पोला पहाड, सागर ताल पर स्थित मिश्र की बगिया का हनुमान मंदिर, गुफा वाले हनुमान जी, गढ़ के ताल वाले हनुमान जी सहित अनेक मंदिर पर जन्मोत्सव मनाया जाऐगा। पुजारी बिरजू महाराज ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के दिन हनुमान जी की कृपा पाने का यह बहुत ही उचित अवसर है यदि आप चाहते है कि आपके जीवन में कोई संकट न आए तो हनुमंत जी के शरण में जाये। वह हर संकट को हरण कर लेते है हनुमान जन्मोत्सव पर महालक्ष्मी योग के साथ ही इस दिन सुख और समृद्धि के कारण शुभ योग बन रहे है।

# पण्डोखर सरकार धाम में 30वें श्रीराम महायज्ञ का भव्य आयोजन : गुरुशरण महाराज

नवभारत न्यूज
**दतिया, 1 अप्रैल।** पण्डोखर धाम पीठाधीश्वर श्री गुरुशरण जी महाराज ने बुधवार को होटल तान्या पैलेस में दतिया में एक पत्रकार वार्ता आयोजित कर जिले में के प्रमुख पत्रकारों से संवाद स्थापित करते हुए पण्डोखर धाम महोत्सव एवं श्रीराम महायज्ञ की कलश यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर पण्डोखर



धाम ट्रस्ट के सचिव मुकेश कुमार गुप्ता (सागर) ने पण्डोखर सरकार धाम की महिमा के प्रसार में पत्रकारों के योगदान को महत्वपूर्ण बतलाया।

श्री गुरुशरण जी महाराज ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि हमारे लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि दतिया जिले के सुप्रसिद्ध आस्था केंद्र पण्डोखर सरकार धाम में 30वें वार्षिक पण्डोखर धाम महोत्सव एवं श्रीराम महायज्ञ का भव्य आयोजन 2 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। कलश यात्रा पुष्पावती नदी के पावन तट तक पहुंचेगी ,जहां हमारे विद्वान आचार्यों द्वारा विधि-विधानपूर्वक पूजन कर जलकलश स्थापित कराए जाएंगे। इस अवसर पर सायंकाल 6 बजे काशी एवं प्रयागराज से पधारे विद्वान पंडितों द्वारा पवित्र पुष्पावती नदी के तट पर भव्य सामूहिक गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा, जो श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम होगा। तत्पश्चात महिलाएं इन कलशों को अपने सिर पर धारण कर ग्राम भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल तक पहुंचेंगी, जो हमारी सनातन परंपरा और आस्था का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करेगा। पण्डोखर धाम महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विविध धार्मिक अनुष्ठान, यज्ञ, कथा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन न केवल धर्म और आस्था का केंद्र होगा, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति एवं क्षेत्रीय लोककलाओं का भी भव्य प्रदर्शन करेगा।

## समय पर कार्यालय नहीं आने पर वेतन राजसात होगा : सीएमओ

**इन्दरगढ़, 1 अप्रैल।** अधिकाँश अकर्मचारी नियत समय 10-00 वजे कार्यालय में नहीं आते, परिणामतरू दस्तावेजी कार्यों हेतु आने वाले आम लोगों को भी वे- वजह इंतजार ही नहीं करना पडता बल्कि लोगों के निजी अन्य कार्य भी प्रभावित होते है ! निकाय में पदस्थ समस्त कर्मचारियों को जरिये नोटिस सूचित किया है कि कार्यालय समय 10-00 वजे अपनी उपस्थिति दर्ज करायें अन्यथा की स्थिति में संबन्धित कर्मचारी का उस दिन का वेतन राजसात करने की कार्यवाही की जायगी ! उक्त दिशा निर्देश मुख्यनगर पालिका अधिकारी नगर परिषद इन्दरगढ बिजय बहादुर सिंह ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को दिये ! उन्होंने अपने अधीनस्थों की लापरवाही पर नाराजी व्यक्त करते हुये कडे लहजे में फ्टकार लगाते हुये कहा कि देर से कार्यालय आने वाले कर्मचारियों, तथा सुबह - शाम ई- अटैन्डैंस लगाकर कार्यालय से नदारत रहने वाले सेवा प्रदाताओं द्वारा पुनरावृत्ति करने पर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायगी। बताना जरूरी है कि 1, अप्रैल को सीएमओ अपने निर्धारित समय कार्यालय पंहुचे तो कुछ कर्मचारी तकरीवन आधा घण्टा देर से कार्यालय पंहुचे थे ! जिस पर सीएमओ सिंह ने कडी नाराजी व्यक्त करते हुये उक्त दिशा - निर्देश दिये !

# पीड़ित दुकानदारों से मिले विधायक

**कहा- कोई दुकानदार बेरोजगार नहीं होगा**

नवभारत न्यूज
**इंदरगढ़, 1 अप्रैल।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन, चार और पांच में बनाई जा रही मुख्यमंत्री अधोसंरक्षना से करीब तीन करोड़ की लागत से बन रही सड़क निर्माण में बाधक बन रहे नौ दुकानदारों की दुकानों के कुछ हिस्से को प्रशासन द्वारा तोड़ दिया गया था जिससे दुकानदारों के समक्ष रोजी रोटी की समस्या पैदा हो गई थी।

तोड़ी गई दुकानों से उत्पन्न हुई समस्या का मौका स्थल पर विधायक प्रदीप अग्रवाल ने निरीक्षण किया और दुकानदारों की समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना और निराकरण का आश्वासन दिया। विधायक प्रदीप अग्रवाल उपस्थित दुकानदारों को कहा कि आप चिंता मत करें कोई भी दुकानदार बेरोजगार नहीं होगा जिसके पास जितनी जगह बची है वह उसी में नियंत्रित तरीके से नगर परिषद से समन्वय बना कर नियत सीमा में निर्माण कार्य करे किसी प्रकार का अतिक्रमण आदि न करते हुए अपनी हद में ही रहकर दुकानों का निर्माण कार्य कराए। विधायक प्रदीप अग्रवाल ने नगर परिषद इंदरगढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय बहादुर सिंह को निर्देश दिया कि स्थानीय दुकानदारों के साथ नरमी का व्यवहार करते हुए इनकी रोजी रोटी का ध्यान रखते हुए इनकी यथा स्थित मदद करे। दुकानों के निरीक्षण उपरांत विधायक प्रदीप अग्रवाल ने शीतला माता मंदिर पर दर्शन कर पूजा अर्चना की विधायक के साथ पहलवान सिंह कुशवाह, डी एस यादव, राकेश खटीक, हरनारायण सेन, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।




## आम सूचना

श्री सुनील कुमार शर्मा पुत्र श्री रामकुमार शर्मा के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम दतियागिर्द, प.ह.नं.19, रा.नि.मं.दतिया, तहसील व जिला दतिया (म.प्र.) है जो नगर पालिका परिषद दतिया वार्ड क्र.31 (परशुराम वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.2517/मिन-1 ग्राम दतियागिर्द का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1320 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में भूमि तिवारी, पश्चिम में- रास्ता, उत्तर में-भूखण्ड स्वामीशरण निरंजन एवं दक्षिण में-भूमि विक्रेता है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में महंत कौशल किशोर चेला दशरथ दास बैरागी एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। महंत कौशल किशोर का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी, महंत सरजू दास चेला स्व. श्री कौशल किशोर दास उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। महंत सरजू दास द्वारा सम्पत्ति रकवा 0.385 हैक्टेयर एरिया श्री दीपक यादव पुत्र श्री रामलाल यादव को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी09592016ए1568256 दिनांक 07.10.2016 से विक्रय की गई। श्री दीपक यादव द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री सुनील कुमार शर्मा पुत्र श्री रामकुमार शर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी09592019ए1051793 दिनांक 23.01. 2019 से विक्रय की गई। उक्त विक्रय विलेख, ई-रजिस्टर्ड संसोधन विलेख क्र.एमपी09592020ए1805091 दिनांक 02.12.2020 से संसोधित किया गया। श्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान टायगर होम फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड, दतिया के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं महंत कौशल किशोर के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास**
**सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)**
**मो.नं. 98276-72710**


# दुष्कर्म के मामले में 18 घंटे में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज
**इंदरगढ़, 1 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस सुनील कुमार शिवहरे वं एसडीओपी सेवढ़ा अजय चानना के मार्गदर्शन में थरेट थाना प्रभारी अरविंद सिंह भदौरिया एवं उनकी टीम ने नाबालिग बालिकाओं से दुष्कर्म के घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई की और महज 18 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

वहीं दूसरे आरोपी की तलाश लगातार जारी है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 28 मार्च को फरियादिया निवासी ग्राम फतेहपुर थाना थरेट ने थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री एवं पड़ोस में रहने वाली एक अन्य नाबालिग बालिका के साथ 27 मार्च को दोपहर लगभग 12 बजे गांव के ही मोनू रजक एवं देबू रजक द्वारा गलत कार्य किया गया। घटना से पूरे क्षेत्र में आक्रोश एवं चिंता का माहौल है ।मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना थरेट पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 33/23 दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 63(ष्)(स्र), 64(2)(रू), 65(2), 70( 2), 127(2) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 5(त)(6), 5(रू)(6), 5(रू)(6) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की ।घटना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी।

पुलिस की मुस्तैदी का परिणाम रहा कि मुख्य आरोपी मोनू रजक पिता रामेश्वर रजक,निवासी फतेहपुर को मात्र 18 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया ।पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

वहीं फरार आरोपी देबू रजक की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।इस जघन्य घटना के बाद ग्रामीणों में रोष व्याप्त है और उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले में दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा तथा पीड़िताओं को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उक्त कारवाई में थरेट थाना प्रभारी अरविंद सिंह भदौरिया एवं उनकी टीम की अहम भूमिका रही।

## विक्रम पुत्र हरिमोहन 6 माह के लिए जिले से निष्कासित

**दतिया, 1 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक दतिया ने प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया है कि अनावेदक विक्रम पुत्र हरिमोहन रावत निवासी ग्राम मेहदौरा थाना गोराघाट जिला दतिया का होकर आपराधिक एवं गुण्डा प्रवृत्ति का व्यक्ति है, अनावदेक के विरूद्ध वर्ष 2013 से थाना गोराघाट एवं अन्य थाना क्षेत्रान्तर्गत अपने साथियों के साथ सक्रिय होकर गाली-गलौच, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, हवाई फायर करना, हत्या का प्रयास, बलात्कार, शासकीय कर्मचारियों के साथ मारपीट करना आदि के आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हुए हे। जिस कारण क्षेत्र के आमन नागरिकों में अनावेदक का भय एवं आतंक व्याप्त है।

अत: जिला मजिस्ट्रेट स्वप्निल वानखड़े द्वारा आनवेदक विक्रम पुत्र हरिमोहन रावत निवासी ग्राम मेहदौरा थाना गोराघाट को म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 की सहपठित धारा 5 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनावेदक को 6 माह तक की कलावधि तक के लिए जिला दतिया एवं उससे लगे अन्य जिले शिवपुरी, ग्वालियर, भिण्ड जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का निष्काशन आदेश दिया है।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ

**145 कार्यकर्ताओं ने कराया पंजीयन**

नवभारत न्यूज
**इंदरगढ़, 1 अप्रैल।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यक्रम 2026 के तहत भाजपा मंडल इंदरगढ़ में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन सेवढा रोड स्थित जे के पैलेस में किया गया इस प्रशिक्षण वर्ग में 145कार्यकर्ताओं ने अपना पंजीयन कराया ।दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ विधायक प्रदीप अग्रवाल, प्रशिक्षण अभियान के संभागीय प्रभारी डॉ अभय प्रताप सिंह यादव ने फीता काटकर किया प्रशिक्षण वर्ग में सम्मिलित होने वाले कार्यकर्ताओं को विधायक प्रदीप अग्रवाल ने प्रशिक्षण सामग्री एवं बैग वितरित किये इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया, जिला उपाध्यक्ष राजेश दातरे, मंडल अध्यक्ष राम लखन सिंह गुर्जर, मंडल अध्यक्ष थरेट देवेश चौधरी मंचासीन रहे ।कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई तड़परांत वंदे मातरम गीत से शुरुआत की गई । डॉ अभय प्रताप सिंह जी ने इस अवसर पर कहा कि वर्ग का प्रमुख उद्देश्य कार्यकर्ताओं के मतभेद मनभेद संवाद विहीनता मिटाना है पार्टी की गतिविधियों एवं सरकार की योजनाओं की जानकारी देना तथा सरकार की योजनाएं जन जन तक पहुंचाना वर्ग का प्रमुख उद्देश्य है । इस अवसर पर विधायक श्री प्रदीप अग्रवाल ने सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी ।भाजपा द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन 2 दिन का रखा गया है भाजपा मंडल अध्यक्ष राम लखन सिंह गुर्जर के द्वारा इस दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान में इन कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप गई।

**इन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी**

पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप दांतरे पूर्व जिला मंत्री सुजान सिंह रावत वर्ग नियंत्रक होंगे और पहलवान कुशवाहा को वर्ग प्रमुख बनाया गया है दीपक तिवारी चरण दास कैलारे सजावट व्यवस्था प्रतिपाल सिंह यादव मुकेश शर्मा बैठक व्यवस्था मीनू कुशवाहा राकेश खटीक स्वल्पाहार एवं चाय व्यवस्था अखिलेश सेन निलय नगरिया भोजन पानी व्यवस्था बलवीर कुशवाहा संतोष खटीक मंच व्यवस्था दुर्गेश बघेल रविंद्र परिहार सूचना व्यवस्था, बृजेश बघेल एनडी गुप्ता विक्की नगरिया रोहित पश्तोर पंजीयन काउंटर व्यवस्था राकेश मुद्गल उपेंद्र बंटी दुबे अतिथि सत्कार व्यवस्था डल्लू यादव राष्ट्रगान व्यवस्था प्रतिपाल यादव भास्कर गुप्ता को वर्ग गीत व्यवस्था सोपी गई है ।

## अभिभावक बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें : यादव

**दतिया, 1 अप्रैल।** प्रवेशोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्की बच्चों के उज्वल भविष्य की शुरूआज है। शिक्षक और अभिभावक मिलकर बच्चों को बेहतर दिशा दे सकते है। अभिभावको से अनुरोध है कि वें बच्चों को नियमित विद्यालय भेजे उक्त बात शासकीय माध्यमिक विद्यालय गैरा में आयोजित प्रवेशोत्सव के दौरान भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष जगदीश यादव ने कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष नवल यादव उपस्थित रहे।